कर्जन ने विभाजन का कारण प्रशासनिक अव्यवस्था बताया लेकिन उसका वास्तविक उद्देश्य बंगाली हिन्दुओं में बढती राष्ट्रवादी भावनाओं को कुचलना था ।

कर्जन के सैनिक सुधार :-

1. सेनापति किचनर ने सैनिको के लिए किचनर टेस्ट शुरू किया गया ।
2. क्वेटा (पाक) में सैनिक अधिकारियों के मिलिट्री प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई ।

सैनिक सदस्य की नियुक्ति पर कर्जन तथा किचनर में विवाद हो गया तथा कर्जन ने इस्तीफा दे दिया ।

1857 की क्रान्ति

- बैरकपुर में 34 वीं इनफेन्ट्री के सैनिक मंगल पाण्डे ने 29 मार्च को चर्बी वाले कारतुसों के खिलाफ विद्रोह कर दिया ।
- 8 अप्रैल को उसे फांसी दे दी गई ।
- 24 अप्रैल को मेरठ छावनी के 90 सैनिकों ने विद्रोह कर दिया ।
- 10 मई को मेरठ छावनी में क्रान्ति की शुरूआत होती है ।
- 20 NI (Native Infantary) तथा 3 L.C. (Light cavelary) ने विद्रोह किया था ।
- विद्रोही सैनिक दिल्ली चले गये तथा 11 मई को बहादुर शाह जफर को अपना नेता बनाया ।
- 25 अगस्त को बहादुरशाह के नाम से आजमगढ (सभी को क्रान्ति के लिए प्रेरित करने के लिए) घोषणा की गई ।

1857 का विद्रोह

भारतीय नायक (विद्रोह के)	समय (विद्रोह का)	केन्द्र	ब्रिटिश नायक (विद्रोह दबाने के)	समय (विद्रोह दबाने का)
बहादुरशाह जफर एवं जफर बख्त खां, कार्यकारी सेनापति (सैन्य नेतृत्व)	11, 12 मई, 1857	दिल्ली	निकलसन हडसन	21 सितम्बर 1857
नाना साहब एवं तात्या टोपे	5 जून, 1857	कानपुर	कैंपबेल	6 सितम्बर 1857
बेगम हजरत महल	4 जून, 1857	लखनऊ	कैंपबेल	मार्च, 1858
रानी लक्ष्मी बाई एवं तात्या टोपे	जून, 1857	झांसी, ग्वालियर	ह्यूरोज	3 अप्रैल, 1858
लियाकत अली	1857	इलाहाबाद, बनारस	कर्नल नील	1858
कुँअर सिंह	अगस्त, 1857	जगदीशपुर (बिहार)	विलियम टेलर, मेजर विसेंट आयर	1858
खान बहादुर खां	1857	बरेली	सर कौलिन कैंपबेल	1858
मौलवी अहमद उल्ला	1857	फैजाबाद		1858
अजीमुल्ला	1857	फतेहपुर	जनरल हैनर्ड	1858

बंगाल आर्मी में सर्वाधिक सैनिक अवध के होते थे इसलिए अवध को 'बंगाल आर्मी की नर्सरी' कहा जाता था ।

- रानी लक्ष्मीबाई ने ग्वालियर पर अधिकार कर लिया था ।
- सिंधिया ने अंग्रेजो का साथ दिया था तथा रानी लक्ष्मीबाई ग्वालियर में लडते हुये मारी गई ।
- ह्यूरोज ने रानी लक्ष्मीबाई के बारे में कहा कि – "भारतीय क्रान्तिकारियों में एक मात्र मर्द है"
- कैनिन ने कहा था– "सिंधिया अगर क्रान्ति में शामिल हो जाता तो हमें भारत से जाना पडता ।"

क्रान्ति के योजनाकार :–

1. अजीमुल्ला
2. रंगोडी बापू

क्रान्ति का दिन 31 मई तय किया गया था लेकिन मेरठ में क्रान्ति 10 मई को ही शुरू हो गई थी

क्रांन्ति के प्रतीक :–

1. कमल का फूल
2. रोटी

क्रांन्ति का स्वरूप :–

अंग्रेज इतिहासकार	मत
1. लॉरेन्स/सीले	सैनिक विद्रोह
2. T.R. होम्स	सभ्यता व बर्बरता के बीच संघर्ष
3. L.E.R. रीज	धर्मान्धों एवं ईसाईयों के बीच संघर्ष
4. बेंजामिन डिजरैली	राष्ट्रीय विद्रोह
5. आउट्रम / टेलर	अंग्रेजो के विरूद्ध हिन्दू - मुस्लिम षड्यन्त्र

भारतीय

1. वीर सावरकर Book (The First War of the Indian Independence) प्रथम स्वतंत्रता संग्राम तथा अशोक मेहता Book (The Great Rebelion)

2. रमेश चन्द्र मंजूमदार ना पहला, ना राष्ट्रीय, ना स्वतंत्रता संग्राम
   Book – The sepoy multiny & revolt of 1857.
3. सुरेन्द्र नाथ सेन Book – 1857
   सैनिक विद्रोह से कुछ अधिक तथा राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम से थोडा कम

1857 क्रांति का तत्कालीन कारण ब्राउन बेस बंदूकों के स्थान पर नई एनफिल्ड राईफलों का प्रयोग जिनमें चर्बी लगे कारतूस होते थे । इसके डलहौजी हडप नीति भी इसका कारण थी ।

अन्य प्रमुख आन्दोलन

आन्दोलन/ विद्रोह	प्रभावित क्षेत्र	सम्बन्धित नेता/नेतृत्व	विद्रोह का वर्ष
संन्यासी विद्रोह	बिहार, बंगाल	केना सरकार, दिरजीनारायण	1763–1800 ई.
फकी विद्रोह	बंगाल	मजनुशाह एवं चिराग अली	1776–77 ई.
चुआर विद्रोह	बाकुडा (बंगाल)	दुर्जन सिंह	1798 ई.
पॉलीगरो का विद्रोह	तमिलनाडु	वीर पी. काट्टावाम्मान	1799–01 ई.
वेलुथाम्पी विद्रोह	ट्रावनकोर	वेलुथाम्पी	1808–09 ई.
भील विद्रोह	पश्चिमी घाट	सेवाराम	1825–31 ई.
रामोसी विद्रोह	पश्चिमी घाट	चितर सिंह	1822–29 ई.
पागलपन्थी विद्रोह	असोम	टीपू	1825–27 ई.
अहोम विद्रोह	असोम	गोमधर कुँवर	1828 ई.
वहाबी आन्दोलन	बिहार, उत्तर प्रदेश	सैयद अहमद टीटूमीर	1831 ई.
कोल आन्दोलन	छोटा नागपुर (झारखण्ड)	नारायण राव	1831–32 ई.
खासी विद्रोह	असोम	तीरथ सिंह	1833 ई.
फैराजी आन्दोलन	बंगाल	शरीयतुल्ला	1839 ई.
संथाल विद्रोह	बंगाल, बिहार	सिद्धु कान्हू	1855–57 ई.
मुण्डा विद्रोह	बिहार	बिरसा मुण्डा	1899–1900 ई.
पाइक विद्रोह	उडीसा	बख्शी जंगबन्धु	1817 – 1825 ई.
नील आन्दोलन	बंगाल	दिगम्बर	1859–60 ई.
पाबना विद्रोह	पाबना (बंगाल)	ईशानचन्द्र राय एवं शम्भुपाल	1873–76 ई.
दक्कन विद्रोह	महाराष्ट्र	–	1874–75 ई.
मोपला विद्रोह	मलाबार (केरल)	अली मुदालियार	1920–22 ई.
कूका आन्दोलन	पंजाब	भगत जवाहरमल	–
रम्पा विद्रोह	आन्ध्र प्रदेश	सीताराम राजू	1879–1922 ई.
तानाभगत आन्दोलन	बिहार	जतरा भगत	1914 ई.
तेभागा आन्दोलन	बंगाल	कम्पाराम सिंह एवं भवन सिंह	1946 ई.
तेलंगाना आन्दोलन	आन्ध्र प्रदेश	–	1946 ई.

धर्म एवं समाज सुधार आन्दोलन

19 वी सदी के प्रारम्भ में भारत में पुनर्जागरण की स्थिति आई । राजा राम मोहनराय को भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत एवं आधुनिक भारत का पिता कहा जाता है ।

राजाराम मोहनराय :-

उपाधियाँ :-

- आधुनिक भारत का पिता
- भारतीय पुर्नजागरण का जनक
- अतीत व भविष्य के बीच सेतु

इनके द्वारा स्थापित संगठन :-

- आत्मीय सभा 1815
- हिन्दु कॉलेज 1817
- वेदान्त कॉलेज 1825
- ब्रिटिश यूनिटेरियन एसोसिएशन
- ब्रह्म समाज 1828
  (डज घडी साज डेविड हेयर हिन्दु कॉलेज की स्थापना में सहयोगी था)

इनकी पुस्तके :-

1. तुहफ्तुल - मुहावुद्दीन or एकेश्वरवादियों के उपहार or Gift to monothiest
2. हिन्दु उत्तराधिकार के नियम
3. Precepts of Jesus

समाचार पत्र :-

1. मिरातुल अखबार
2. संवाद कौमुदी
3. ब्रह्मोनिकल मैगजीन

अन्य सहयोगी :-

द्वारिका नाथ टैगोर
ताराचन्द चक्रवती

- 1843 में देवेन्द्र नाथ टैगोर ने ब्रह्म समाज को संभाला
- इन्होंने 1839 में तत्वबोधिनी सभा की स्थापना की थी
- पत्रिका - तत्वबोधिनी
- संपादक - अक्षय कुमार दत्त
- देवेन्द्र नाथ टैगोर ने केशवचन्द्र सेन को ब्रह्म समाज का आचार्य नियुक्त किया
- 1865 में केशवचन्द्र सेन को ब्रह्म समाज से निकाल दिया गया तथा इन्होंने बाद में भारतीय ब्रह्मसमाज की स्थापना की ।
- अतः बाद में देवेन्द्र नाथ टैगोर का ब्रह्म समाज, आदि ब्रह्मसमाज कहलाया
- 1872 में केशवचन्द्र सेन के प्रयासो से Native Marriage Act पारित हुआ तथा विवाह की न्यूनतम आयु 14 व 18 वर्ष तय की गई ।
- केशवचन्द्र सेन ने अपनी नाबालिग पुत्री की शादी कूच बिहार के राजा के साथ कर दी थी इसलिए उनके समर्थकों ने अलग होकर 1878 में साधारण ब्रह्म समाज की स्थापना की ।

साधारण ब्रह्म समाज :-

समर्थक :-

- आनन्द मोहन बोस
- सुरेन्द्र नाथ बनर्जी
- द्वारिका नाथ गांगुली

केशवचन्द्र सेन के समाचार पत्र :- Indian Mirror

केशवचन्द्र सेन के संगठन

1. मैत्री सेन (संगत सभा)
2. टेबरनिकल ऑफ न्यू डिस्पेंसन
3. इंडियन रिफॉर्म एसोसिएशन

प्रार्थना समाज (1867) :-

महाराष्ट्र में केशवचन्द्र सेन के प्रयासों से स्थापना हुई

संस्थापक :-

1. जस्टिस महादेव गोविन्द रानाडे
2. आत्माराम पाण्डुरंग
3. R.G. भण्डारकर
4. चन्द्रावरकर

महादेव गोविन्द रानाडे :-

- गोखले के राजनीतिक गुरू थे
- इन्हें 'महाराष्ट्र का सुकरात' कहा जाता है ।

संगठन :-

1. विधवा विवाह संघ (1867)
2. पूना सार्वजनिक सभा (1871)
3. दक्कन एजुकेशनल सोसायटी (1884) (फर्ग्यूसन कॉलेज, पूणे)
4. नेशनल सोशल कॉन्फ्रेंस (1887)
   दक्कन एजुकेशनल सोसायटी बाद में फर्ग्यूसन कॉलेज कहलाई ।
   तिलक, गोखले, आगरकर तीनों इस कॉलेज से जुडे थें ।

आर्य समाज, 1875/ स्वामी दयानन्द सरस्वती :-

- आर्य समाज की स्थापना वर्ष 1875 में बम्बई में स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा की गई ।
- इसका उद्धेश्य वैदिक धर्म को पुनः शुद्ध रूप से स्थापित करना ।
  स्वामी जी ने झूठे धर्मों का खण्डन करने के लिए ''पाखण्ड खण्डनी पताका'' लहराई । इन्होनें ''वेदों की ओर लौटो'' का नारा दिया
- स्वामीजी ने गौधन की रक्षा के लिए ''गौरक्षणी सभा की स्थापना की तथा'' गौ करूणानिधि नामक पुस्तक की रचना की ।
- दयानन्द सरस्वती की प्रमुख रचनायें -
  1. सत्यार्थ प्रकाश
  2. पाखण्ड खण्डन
  3. वेद भाष्य भूमिका
  4. ऋग्वेद भाष्य
  5. अद्वैतमत का खण्डन
  6. पंचमहायज्ञ विधि आदि ।

रामकृष्ण मिशन, 1887 :-

- रामकृष्ण मिशन की स्थापना 1887 में कलकत्ता के समीप बारानगर में स्वामी विवेकानंद ने की ।

वहाबी आन्दोलन

- ईरान में अब्दुल वहाब द्वारा शुरू किया गया था ।
- भारत में सैय्यद अहमद बरेलवी ने लोकप्रिय किया था ।
- उद्देश्य – दारूल हर्ब को दारूल इस्लाम में बदलना
  (दार-उल-हर्ब)
  ↓ ↓
  घर गैर मुसलमान
- प्रारंभ में पंजाब में सिक्खों के खिलाफ था ।
- पंजाब के विलय के बाद अंग्रेजों के खिलाफ हो गया था ।
- यह हिंसक एवं सांप्रदायिक आंदोलन था ।
- कालान्तर में पूर्वी भारत इसका मुख्य केन्द्र हो गया
  ↳ यहां के मुख्य नेता (1) हाजी करामात अली
  (2) शरीयत-उल्ला खां

अलीगढ आन्दोलन

- यह आन्दोलन सर सैय्यद अहमद खां ने चलाया था इन्होनें मुसलमानों में आधुनिकीकरण लाने का प्रयास किया इसलिए अंग्रेजी शिक्षा का समर्थन किया व अंग्रेजी सरकार के साथ सहयोग किया ।
- इन्होंने कुरान की वैज्ञानिक व्याख्या की ।
- पीर – मुरीदी प्रथा का विरोध किया ।
- बाइबिल पर टीका लिखी ।

संगठन –

1863 – मुहम्मडन लिटरेरी एसोसिएशन
1864 – साइंटिफिक सोसायटी
1875 – एंग्लो – ओरियन्टल मोहम्मडन कॉलेज
↓
यही 1920 में अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय बना ।
1888 – देशभक्त एसोसिएशन नामक पार्टी बनाई ।
- बनारस के राजा शिवप्रसाद के साथ मिलकर बनाई थी ।
- यह कांग्रेस की विरोधी संस्था थी ।

समाचार पत्र –

1. तहजीब उल अखलाक
2. राजभक्त मुसलमान

अहमदिया आन्दोलन :-

स्थापना – 1889
स्थान – गुरूदासपुर के कादिया नामक स्थान पर
संस्थापक – मिर्जा गुलाम अहमद

रहनुमाई मजदयासन/ रहनुमा-ए-माजदा-ए-सभा (पारसी) :-

स्थापना वर्ष – 1851

संस्थापक सदस्य –

नौरोजी फरदीन जी, दादाभाई नौरोजी, आर.के. कामा, एस. एस. बंगाली इस संस्था ने 'रास्त गोफ्तार' (सत्यवादी) नामक पत्रिका का प्रकाशन किया परमहंस मण्डली की स्थापना महाराष्ट्र में गोपाल हरिदेश मुख (लोकहितवादी) ने की ।

राष्ट्रीय आन्दोलन

28 दिसम्बर 1885 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई इस दिन से भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन का प्रारम्भ माना जाता है ।

कांग्रेस की स्थापना के पहले के राष्ट्रीय आन्दोलन के संगठन

1. बंगाल जमींदार सभा – 1838
   - भारत का पहला राजनीतिक संगठन
   - द्वारिका नाथ टैगोर } संस्थापक
   - राधाकान्त देव }
2. बंगाल ब्रिटिश एसोसिएशन (1843)
   - द्वारिका नाथ टैगोर
3. ब्रिटिश इण्डिया एसोसिएशन (1851)
   - देवेन्द्र नाथ टैगोर
   - राधाकान्त देव
4. इण्डिया लीग – (1875)
   - शिशिर कुमार घोष
5. इण्डियन एसोसिएशन (1876)
   - सुरेन्द्र नाथ बनर्जी

- लिटन ने ICS की अधिकतम आयु 19 वर्ष कर दी थी तब सुरेन्द्र नाथ बनर्जी ने आन्दोलन चलाया था

6. नेशनल कॉन्फ्रेंस (1883)

- सुरेन्द्र नाथ बनर्जी तथा आनन्द मोहन बोस

मद्रास –

1. मद्रास नेटिव एसोसिएशन (1852)
   इस संगठन ने 1857 की क्रांति की आलोचना की इसलिए लोगों में अलोकप्रिय हो गया था ।

2. मद्रास महाजन सभा (1884)
   वी. राघवाचारी
   सुब्रह्मण्यम अय्यर
   आनन्द चारलू

बॉम्बे –

1. बॉम्बे एसोसिएशन (1852)
   ↓
   नाम बदलकर बॉम्बे प्रेसीडेन्सी एसोसिएशन (1885)
   - बदरूद्दीन तैय्यबजी
   - फिरोजशाह मेहता

लंदन –

ईस्ट इण्डिया एसोसिएशन (1866)
↳ दादा भाई नौरोजी

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

- 1884 में थियोसोफिकल सोसाइटी का अडियार में सम्मेलन हुआ ।
- ए. ओ. ह्यूम ने भारतीयों को अखिल भारतीय संगठन बनाने का सुझाव दिया ।
- इस संगठन का नाम 'इंडियन नेशनल यूनियन' रखा गया । इसका पहला सम्मेलन पूना में होना था लेकिन वहां पर प्लेग फैल जाने के कारण इनका पहला सम्मेलन बॉम्बे के गोकुल दास तेजपाल संस्कृत कॉलेज में हुआ । दादाभाई नौरोजी के कहने पर इसका नाम इंडियन नेशनल कांग्रेस रखा गया
- (कांग्रेस उत्तरी अमेरिका से लिया गया शब्द है)
- कांग्रेस का अर्थ – लोगों का समूह (A Group of People)

कांग्रेस अधिवेशन

सन्	स्थान	अध्यक्ष
1885	बम्बई	व्योमेश चन्द्र बनर्जी
1886	कलकत्ता	दादाभाई नौरोजी
1887	मद्रास	बदरूद्दीन तैयबजी
1888	इलाहाबाद	जॉर्ज यूले
1889	बम्बई	विलियम वेडरबर्न
1890	कलकत्ता	फिरोजशाह मेहता
1891	नागपुर	बी. आनन्द चार्लू
1892	इलाहाबाद	व्योमेश चन्द्र बनर्जी
1893	लाहौर	दादा भाई नौरोजी
1894	मद्रास	अल्फ्रेड वेब
1895	पूना	सुरेन्द्र नाथ बनर्जी
1896	कलकत्ता	रहीमतुल्ला सायानी
1897	अमरावती	शंकरन नायर
1898	मद्रास	आनन्द मोहन बसु
1899	लखनऊ	रमेशचन्द्र दत्त
1900	लाहौर	नारायण गणेश चंदावरकर
1901	कलकत्ता	दिनशॉ ईतुलजी वाचा
1902	अहमदाबाद	दिनशॉ ईतुलची वाचा
1903	मद्रास	लल मोहन घोष
1904	बम्बई	सर हेनरी कॉटन
1905	बनारस	गोपाल कृष्ण गोखले
1906	कलकत्ता	दादा भाई नौरोजी
1907	सूरत (स्थगित)	रास बिहारी घोस
1908	मद्रास	रास बिहारी घोस
1909	लाहौर	मदन मोहन मालवीय
1910	इलाहाबाद	विलियम वेडर बर्न
1911	कलकत्ता	विशन नारायण दत्त
1912	बांकीपुर	स.बा. रंगनाथ नृसिंह मुधोलकर
1913	करॉंची	नवाब सैयद3 मुहम्मद बहादुर
1914	मद्रास	भूपेन्द्र नाथ बसु
1915	बम्बई	सत्येन्द्र प्रसाद सिन्हा
1916	लखनऊ	अम्बिका चरण मजूमदार
1917	कलकत्ता	ऐनी बेसेंट
1918	बम्बई (विशेष)	सैयद इमाम हसन
1919	अमृतसर	मोती लाल नेहरू
1920	नागपुर	चक्रवर्ती विजय राघवाचार्य
1920	कलकत्ता (विशेष)	लला लाजपत राय
1921	अहमदाबाद	अजमल खॉं
1922	गया	चितरंजन दास
1923	काकोनाडा	मोहम्मद अली
1923	दिल्ली (विशेष)	अबुल कलाम आजाद

1924	बेलगांव	महात्मा गांधी
1925	कानपुर	सरोजनी नायडू
1926	गोहाटी	श्रीनिवास आयंगर
1927	मद्रास	डॉ. अन्सारी
1928	कलकत्ता	मोती लाल नेहरू
1929	लाहौर	जवाहर लाल नेहरू
1931	करांची	सरदार पटेल
1932	दिल्ली	रणछोडमल अमृतलाल
1933	कलकत्ता	नेल्ली सेन गुप्ता
1934	बंबई	राजेन्द्र प्रसाद
1936	लखनऊ	जवाहर लाल नेहरू
1937	फैजपुर	जवाहर लाल नेहरू
1938	हरिपुरा	सुभाषचन्द्र बोस
1939	त्रिपुरा	सुभाषचन्द्र बोस
1940	रामगढ़	अबुल कलाम आजाद
1946	मेरठ	जे.बी. कृपलानी
1948	जयपुर	पट्टाभि सीतारमैया

- A.O. ह्यूम 1885–1905 तक कांग्रेस के सचिव रहे थे ।
- बाल गंगाधर तिलक कभी कांग्रेस के अध्यक्ष नहीं रहे थे ।
- मदन मोहन मालवीय 4 बार कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे ।
  - 1909 – लाहौर
  - 1918 – दिल्ली
  - 1932 – दिल्ली
  - 1933 – कलकत्ता
- इस समय (1932 व 1935 सम्मेलन में) मदन मोहन जेल में थे । इस कारण 1932 में अमृत रणछोडदास गट्टानी तथा 1933 में नेल्ली सेन गुप्ता (विदेशी महिला) ने अध्यक्षता की थी ।
- दादा भाई नौरोजी तथा जवाहर लाल नेहरू कांग्रेस के 3–3 बार अध्यक्ष बने थे ।

भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के चरण :-

प्रथम चरण	– 1885	–	1905 ई.	– नरमपंथी
द्वितीय चरण	– 1905	–	1919 ई.	– गरमपंथी
तृतीय चरण	– 1919	–	1947 ई.	– गांधी युग

प्रथम चरण (1885–1905 ई.) नरमपंथी

नरमपंथी विचारधारा –

- अंग्रेज न्यायप्रिय हैं ।
- ब्रिटिश राज्य भारत हेतु दैवीय वरदान है
- भारतीय समाज अभी जड है, इनमें राजनैतिक जागरूकता नहीं है अतः इन्हें राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए ।
- इनके साधन – सम्मेलन बुलाना, भारतीय जनता की मांगों को अभिव्यक्त करना, ब्रिटिश सरकार को अनुनय विनय, ज्ञापन, प्रार्थना पत्र आदि पेश करना
- सभी संप्रदायों, क्षेत्रों, वर्गो को समान महत्व देना,
- समाज में राजनैतिक चेतना के उदय के लिए शैक्षणिक विकास किया जाना चाहिए ।

प्रमुख नरमपंथी नेता –

- दादाभाई नौरोजी
- फिरोजशाह मेहता
- गोपाल कृष्ण गोखले
- बदरूद्दीन तैयब जी
- सुरेन्द्र नाथ बनर्जी, व्योमेश चन्द्र बनर्जी

द्वितीय चरण (1905–1919ई.)–गरमपंथी युग–

गरमपंथियों की विचारधारा –

- ब्रिटिश शासन शोषणकारी प्रवृत्ति का है ।
- ब्रिटिश शासन साम्राज्यवादी प्रवृत्ति का है ।
- भारतीय समाज यद्यपि जड है परन्तु इन्हें राष्ट्रीय आंदोलन में जोडकर भारतीयों में राजनैतिक जागरूकता लायी जा सकती है ।
- गरमपंथियों के साधन – भिक्षावृत्ति का विरोध, मांगे अधिकार पूर्ण रूप से रखनी चाहिए । इस हेतु सरकार पर दबाव बनाने हेतु जनता एवं समाज का समर्थन आवश्यक है ।
- उत्तरदायित्व से क्षमताएं विकसित होती है । स्वतंत्रता ही स्वतंत्रता के काबिल बनाती है ।
- राष्ट्रीय आन्दोलन को शक्तिशाली बनाने हेतु धार्मिक प्रतीकों, क्षेत्रीय मांगों, योजनाओं को अपनाया जाना चाहिए ।
- स्वदेशी आन्दोलन चलाने एवं विदेशी का बहिष्कार करना चाहिए ।
- प्रमुख गरमपंथी नेता –
  - बाल गंगाधर तिलक
  - लाला लाजपतराय
  - विपिन चन्द्र पाल
  - अरविन्द घोष

मुस्लिम लीग :-

- अक्टूबर 1906 में आगा खां के नेतृत्व में एक मुस्लिम प्रतिनिधि दल शिमला जाकर लॉर्ड मिन्टों से मिला । लॉर्ड मिण्टो ने मुस्लिमों को संगठित होने का सुझाव दिया ।

- 30 दिसम्बर 1906 को मुस्लिम लीग की स्थापना ढाका के नवाब सलीमुल्लाह ने की । इसके पहले सम्मेलन की अध्यक्षता वकार-उल-मुल्क ने की ।

1916 लखनऊ अधिवेशन –

- अध्यक्ष – अम्बिका चरण मजूमदार
- गरमपंथी-नरमपंथी समझौता
- कांग्रेस-मुस्लिम लीग समझौता
- इस समझौते के कारण
  - सूरत अधिवेशन में फूट के बाद गरमपंथी अलग-थलग पड गये । कांग्रेस राष्ट्रीय आंदोलन का केन्द्र बन गया ।
  - नरमपंथी भी 1907 ई. के बाद से निष्क्रिय होते जा रहे थे । नवऊर्जा संचार हेतु समझौता हुआ ।
  - नरमपंथी ब्रिटिश नीतियों से असंतुष्ट थे । 1909 ई. के सुधार उनकी आशानुरूप नहीं थे ।
  - गरमपंथियों की विचारधारा में बदलाव आ चुका था ।
  - कट्टर नरमपंथी नेता फिरोजशाह एवं गोपाल कृष्ण गोखले की 1915 में मृत्यु को चुकी थी ।
  - प्रथम विश्व युद्ध से उत्पन्न परिस्थितियों से भी असंतोष बढ गया ।
- 1917 में कांग्रेस में पुनः फूट पड गई ।

1909 का भारत परिषद् अधिनियम
मार्ले-मिन्टो सुधार

↓ भारत सचिव ↓ G.G

अधिनियम के प्रावधान –

1. केन्द्रीय विधानपरिषद् में सदस्यों की संख्या बढाई गई । अब 69 सदस्य थे जिनमें से 9 स्थायी तथा 60 अतिरिक्त सदस्य होते थे ।

2. गवर्नर जनरल की कार्यकारी परिषद् में एक भारतीय सदस्य होगा । (S.P. सिन्हा प्रथम भारतीय सदस्य थे जिन्हें विधि सदस्य बनाया गया ।) (सत्येन्द्र प्रसाद सिन्हा)

3. प्रान्तीय विधानपरिषद् में भी सदस्यों की संख्या बढाई गई । जैसे- बंगाल, मद्रास, बॉम्बे, U.P. (United Province) में 50 सदस्य
   पंजाब, बर्मा, असम – 30 सदस्य

4. विधानपरिषद् के सदस्यों को पूरक प्रश्न पूछने का अधिकार दिया गया ।
   बजट पर बहस कर सकते थे लेकिन बजट पर मत-विभाजन नहीं करवाया जा सकता था ।

5. इन विषयों से संबंधित प्रश्न नहीं पूछे जा सकते थे
   - विदेशी मामले
   - देशी रियासतें
   - रेलवे
   - ऋण
   - ब्याज
6. मुस्लिमों को पृथक निर्वाचन दिया गया ।
7. भारत परिषद् में भी एक भारतीय सदस्य की नियुक्ति की जायेगी ।
   (भारत परिषद् में पहले भी भारतीय सदस्य होते थे लेकिन अब अनिवार्य कर दिया गया था, 1907 में भारत परिषद् में 2 भारतीय सदस्य थे ।)
   1. सैय्यद हुसैन बिलग्रामी
   2. K.G. गुप्ता

दिल्ली दरबार (1911) :-

ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम तथा उनकी रानी मैरी भारत आये ।

1. बंगाल विभाजन रद्द कर दिया था ।
2. राजधानी को कलकत्ता से दिल्ली लाया जायेगा ।

Note – इस समय बॉम्बे में गेटवे ऑफ इंडिया बनाया गया

दिल्ली षडयंत्र केस :-

- 1912 में राजधानी को दिल्ली ला रहे थे तो रास बिहारी बोस के नेतृत्व में चांदनी चौक में G.G. हॉर्डिंग-II पर बम फेंका गया ।
- इस मुकदमें में 4 लोगों को फांसी दी थी ।
  1. अवध बिहारी
  2. अमीर चन्द
  3. बालमुकुन्द
  4. बसन्त कुमार

कामागाटामारू घटना (1914) :-

- कामागाटामारू एक जापानी जहाज था ।
- सिंगापुर में रहने वाला गुरदीत सिंह 376 भारतीयों को लेकर कनाडा के वेंकुवर बन्दरगाह गया ।
- कनाडा ने इन्हें प्रवेश नहीं दिया । लेकिन कनाडा में रहने वाले भारतीयों ने इसका विरोध किया तथा इनके पक्ष में आंदोलन किया व तटीय समिति का गठन किया ।
  इसमें तीन सदस्य थे –
  1. बलवन्त सिंह
  2. रहीम हुसैन
  3. सोहन लाल पाठक

- जहाज वापस जापान के याकोहामा बन्दरगाह पहुंचा तब तक प्रथम विश्व युद्ध शुरू हो चुका था । अतः अंग्रेज सरकार ने जहाज को सीधा कलकत्ता लाने का आदेश दिया व बजबज बन्दरगाह (कलकत्ता) पर भगदड हो गई तथा 18 लोग मारे गये थे ।

होमरूल लीग आन्दोलन

- यह सिद्धान्त आयरलैण्ड से लिया गया है । इसका उद्देश्य ब्रिटिश शासन के रहते हुये आंतरिक मामलों में स्वायत्ता प्राप्त करना था ।
- 'इण्डियन होमरूल लीग' की स्थापना बाल गंगाधर तिलक ने अप्रेल 1916 में बेलग्राम में की थी ।
- जबकि एनीबेसेन्ट ने सितम्बर 1916 में मद्रास के पास अड्यार में 'होमरूल लीग' की स्थापना की । इसने थियोसोफिकल सोसायटी का तंत्र प्रयुक्त किया । इसके सचिव जॉर्ज अरुथेल एवं वी.पी. पाड्या सहयोगी थे ।
- तिलक के होमरूल लीग का कार्यक्षेत्र महाराष्ट्र (बॉम्बे को छोडकर), आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, मध्यप्रान्त जबकि इसके अतिरिक्त शेष भारत एनी बेसेन्ट के होमरूल लीग के तहत आता था ।
- तिलक ने 'मराठा' (अंग्रेजी) एवं 'केसरी' (मराठी में) वहीं एनीबेसेन्ट ने 'New India' एवं 'Common wheel' नामक समाचार पत्र निकाले ।

होमरूल लीग का संगठनात्मक स्वरूप था । इसमें ग्रामीण स्तर समितियों का गठन किया गया था ।

तिलक ने स्थानीय मांगों को होमरूल के साथ जोडा जैसे

- क्षेत्रीय भाषाओं के आधार पर राज्यों का पुनर्गठन
- सरकारी आबकारी नीति का विरोध
- नमक कर का विरोध
- अस्पृश्यता निवारण हेतु आन्दोलन
- सांप्रदायिक सौहार्द हेतु प्रयास

मदन मोहन मालवीय, मुहम्मद अली जिन्ना, जवाहर लाल नेहरू, सुरेन्द्र नाथ बनर्जी आदि एनीबेसेन्ट के होमरूल आंदोलन के सदस्य बने ।

गोखले द्वारा स्थापित 'भारत सेवक समाज' के सदस्यों पर प्रतिबंध था कि वे होमरूल के सदस्य नहीं बने ।

जब एनीबेसेन्ट को गिरफ्तार किया गया तो सुब्रमण्यम अय्यर ने सर की उपाधि त्याग दी । होमरूल आंदोलन नेतृत्व विहिन हो गया ।

20 अगस्त 1917 की मोण्टेग्यू घोषणा तथा एनीबेसेन्ट ने होमरूल आंदोलन समाप्त किया ।

तिलक 'India Unrest'के लेखक वेलेन्टाइन शिरोल के विरूद्ध मानहानि का मुकदमा दर्ज करने लंदन चले गये । पीछे से होमरूल लीग नेतृत्वविहीन हो गई ।

राष्ट्रीय आन्दोलन का तृतीय चरण
गांधी युग (1919-1947)

चम्पारण सत्याग्रह

चम्पारण (बिहार) के किसान तिनकठिया प्रथा से पीडित थे जिसके तहत उन्हें अपनी जमीन के 3/20 भाग पर नील की खेती करना अनिवार्य था, क्योंकि नील व्यापारियों ने अग्रिम धनराशि देकर किसानों के साथ इस संबंध में समझौता कर रखा था । किसानों के लिए नील की खेती पर्याप्त लाभदायक नहीं थी अतः प्रायः वे इसके प्रति अनिच्छुक रहते थे और वे इस समझौते से मुक्त होना चाहते थे। इस बात पर तनाव बढ गया तथा एक स्थानीय नेता राजकुमार शुक्ल ने गांधीजी को यहां आमंत्रित किया गांधीजी के पहुंचने पर आंदोलन अधिक लोकप्रिय हुआ तथा सरकार ने एक कमेटी का गठन किया तथा इस समिति की सिफारिशों पर इस वसूली को रोका गया । इस प्रकार गांधीजी का यह प्रथम आंदोलन सफल रहा । गांधीजी के अन्य सहयोगी

1. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
2. जे.बी कृपलानी
3. नरहरि परिख
4. महादेव देसाई उर्फ भाऊ

जूडिथ ब्राउन ने अपनी पुस्तक 'Gandhi's rise to Power' में लिखा है कि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने इस आंदोलन की सफलता पर गांधीजी को 'महात्मा' कहा ।

खेडा आन्दोलन

फसल अच्छी नहीं होने से खेडा के किसान लगान अदा करने की स्थिति में नहीं थे । अतः उन्होंने सरकार से लगान माफी की अपील की परन्तु सरकार द्वारा माफ न करने की स्थिति में उन्होंने आंदोलन कर दिया । गांधीजी की अध्यक्षता में 'गुजरात किसान सभा' का गठन किया गया ।

1. वल्लभ भाई पटेल
2. इन्दुलाल याग्निक
3. शंकरलाल बैंकर

अहमदाबाद का मिल-मजदूरों का आन्दोलन :-

प्लेग बोनस की वजह से यह आंदोलन चला था । मिल मालिक अम्बालाल साराभाई गांधीजी के मित्र थे

इस आंदोलन के कारण गांधीजी ने भारत में पहली बार आमरण अनशन किया । इसमें भी गांधीजी को सफलता मिली तथा मिल मालिक को 35 प्रतिशत बोनस देने पर सहमत होना पडा ।

- अनुसूइया बेन - गांधीजी की शिष्या तथा अम्बालाल साराभाई की बहन

रौलेट एक्ट के विरूद्ध सत्याग्रह

1917 में ब्रिटिश सरकार ने सिडनी रौलेट की अध्यक्षता में 'सैडिशन समिति' का गठन किया ।
विधानपरिषद् के तमाम भारतीय सदस्यों के विरोध के बावजूद मार्च 1919 में रौलेट एक्ट पारित कर दिया गया जो बिना वकील, बिना अपील एवं बिना दलील का कानून था ।

- इसके विरोध में गांधीजी ने सत्याग्रह सभा की स्थापना की ।
- 30 मार्च का अखिल भारतीय हडताल का आयोजन रखा लेकिन फिर इसे 6 अप्रेल तक स्थगित कर दिया 6 अप्रैल,1919 – प्रथम अखिल भारतीय हडताल
- स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती ने गांधीजी को दिल्ली आमंत्रित किया । लेकिन गांधीजी को पलवल स्टेशन पर गिरफ्तार करके बॉम्बे छोड दिया गया ।
- अमृतसर में गांधीजी की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे डॉ. सतपाल एवं सैफुद्दीन किचलू को 10 अप्रैल 1919 को गिरफ्तार कर लिया गया । इसके विरोध में जनता के मौन जुलूस पर सरकार की दमनात्मक कार्यवाही से जनता उग्र हो गई एवं उन्होंने अमृतसर में 5 गोरे लोगों की हत्या कर दी । स्थिति असामन्य होने पर मार्शल लॉ लगाया एवं व्यवस्था जनरल आर. डायर को सौंप दी ।

जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड

- 13 अप्रैल 1919 ई. को वैशाखी के दिन मेले की भीड पर जनरल डायर ने गोलियां चलाई । सरकारी आंकडों के अनुसार 379 लोग मारे गये परन्तु वास्तव में मरने वालों की संख्या 1000 से भी अधिक थी
- हंसराज नामक भारतीय न जनरल डायर की सहायता की थी ।
- पंजाब के लेफ्टिनेन्ट गवर्नर ओ. डायर ने कार्यवाही को उचित ठहराया ।
- रवीन्द्रनाथ टैगोर ने विरोधस्वरूप सर (नाइटहुड) की उपाधि लौटा दी । शंकरन नायर ने गवर्नर जनरल की कार्यकारी परिषद् की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया ।
- सरकार ने इसकी जांच के लिए हंटर कमेटी का गठन किया जिसमें 03 भारतीय सदस्य थे ।
  1. चिमनलाल सीतलवाड
  2. सुल्तान अहमद
  3. जगत नारायण
- कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में डायर को निर्दोष ठहराया एवं कहा कि वह केवल परिस्थितियों को समझ नहीं पाया ।
- गांधीजी ने हंटर कमेटी की रिपोर्ट को 'पन्ने दर पन्ने निर्लज्ज लीपापोती कहा ।'
- कांग्रेस ने हत्याकाण्ड की जांच के लिए मदन मोहन मालवीय की अध्यक्षता में समिति गठित की जिसके अन्य सदस्य गांधीजी तथा मोतीलाल नेहरू थे ।
- हाउस ऑफ लॉर्ड्स ने जनरल डायर को Sword of honour भेंट की तथा उसे ब्रिटिश साम्राज्य का शेर कहा ।
- कालान्तर में शहीद उधमसिंह ने ओ डायर की हत्या कर दी थी ।

खिलाफत आन्दोलन

- मुस्लिम लीग के मध्यमवर्गीय नेतृत्व ने भारत में खिलाफत आन्दोलन की नींव रखी । इसके मुख्य नेता – डॉ. अहमद अंसारी मौलाना मोहम्मद अली, मौलाना शौकत अली, अब्दुल कलाम आजाद आदि थे
- इनकी मांग थी कि तुर्की का खलीफा (सुल्तान) जो कि मुसलमानों का धार्मिक एवं राजनीतिक प्रमुख होता था । उसके साथ ब्रिटिश सरकार प्रथम विश्वयुद्ध के बाद सम्मानपूर्ण व्यवहार करें । (क्योंकि तुर्की ने युद्ध में जर्मनी का साथ दिया था) तथा तुर्की साम्राज्य को छिन्न-भिन्न नहीं किया जाये ।
- 1919 में अखिल भारतीय खिलाफत कमेटी का गठन करके गांधीजी को उसका अध्यक्ष बनाया गया ।
- मुस्लिम लीग में भी जिन्ना के नेतृत्व वाले अभिजात्य वर्ग ने भी खिलाफत आन्दोलन का विरोध किया था
- 31 अगस्त, 1920 को खिलाफत दिवस के रूप में मनाया गया ।
- कालान्तर में खिलाफत आंदोलन, असहयोग आंदोलन का ही हिस्सा बन गया ।
- तुर्की में मुस्तफा कमाल पाशा के नेतृत्व में यंग तुर्की आंदोलन चला और इन्होंने खलीफा की सत्ता को समाप्त कर दिया ।
- खिलाफत आंदोलन समाप्त हो गया ।

1919 का भारत सरकार अधिनियम (मोण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार)

- मोण्टेग्यू घोषणा – भारत सचिव लॉर्ड मोण्टेग्यू ने 20 अगस्त 1917 को ब्रिटिश संसद में यह घोषणा की कि ब्रिटिश सरकार का उद्देश्य भारत में उत्तरदायी शासन की स्थापना करना है ।

अधिनियम की मुख्य विशेषताएं :-

- भारत परिषद् के सदस्यों की संख्या (8-12) कर दी गई ।
- गवर्नर जनरल की कार्यकारी परिषद् में 3/8 सदस्य अब भारतीय होगें ।
- केन्द्र में द्विसदनात्मक व्यवस्था होगी ।
  1. काउंसिल ऑफ स्टेट

2. केन्द्र में द्विसदनात्मक असेम्बली
- केन्द्र एवं राज्यों के बीच विषयों का विभाजन किया गया
  1. संघीय सूची
  2. प्रान्तीय सूची
- पहली बार प्रत्यक्ष निर्वाचन की परम्परा शुरू की गई यद्यपि महिलाओं को मताधिकार नहीं दिया गया
- मुसलमानों के साथ सिक्खों, आंग्ल-भारतीय, भारतीय ईसाईयों एवं यूरोपियन्स के लिए भी पृथक निर्वाचन पद्धति लागू कर दी गई ।
- प्रान्तों में द्वैध शासन की स्थापना । इसके अन्तर्गत प्रान्तीय विषय दो भागों में विभाजित किये गये -
  1. आरक्षित
  2. अनारक्षित

  1909 के अधिनियम में कहा गया था कि 10 वर्ष बाद भारत में नये सुधार किये जायेंगे ।

Note – सुरेन्द्र नाथ बनर्जी ने 1919 में अखिल भारतीय उदारवादी संघ का गठन कर लिया था ।

असहयोग आंदोलन :-

- सितम्बर 1920 के कांग्रेस के कलकत्ता के विशेष अधिवेशन में (अध्यक्ष-लाला लाजपतराय) गांधीजी ने असहयोग का प्रस्ताव पेश किया । कांग्रेस के अनेक महत्वपूर्ण नेताओं ने इसका विरोध किया - जैसे -सी. आर. दास, जिन्ना, एनी बेसेन्ट, शंकरन नायर, विपिनचन्द्र पाल, मालवीय आदि ।
- फिर भी गांधीजी ने अली बंधुओं एवं मोतीलाल नेहरू के समर्थन से यह प्रस्ताव पारित करवा लिया ।
- दिसम्बर 1920 के कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन (विजय राघवाचार्य) में इस प्रस्ताव की पुष्टि की गई । इस बार प्रस्ताव सी.आर. दास ने ही प्रस्तुत किया था । जब असहयोग का प्रस्ताव पास हुआ तो इसके विरोध में जिन्ना, एनी बेसेन्ट एवं विपिन चन्द्र पाल ने कांग्रेस छोड दी ।
- नागपुर अधिवेशन का ऐतिहासिक महत्व इसलिए है क्योंकि यहां पर वैधानिक साधनों के अन्तर्गत स्वराज्य प्राप्ति के लक्ष्य को त्यागकर सरकार के सक्रिय विरोध करने की बात को स्वीकार किया गया ।

स्वराज पार्टी:-

1 जनवरी 1923 को इलाहाबाद मे स्वराज पार्टी की स्थापना की गई ।
अध्यक्ष - सी.आर दास
सचिव - मोतीलाल नेहरू
1923 के चुनावों मे स्वराज दल को मध्य प्रान्त मे पूर्ण बहुमत बंगाल, संयुक्त प्राप्त, बॉम्बे मे प्रधानता एवं केन्द्रीय विधानमण्डल मे 101 मे से 42 स्थान प्राप्त हुये फलस्वरूप यह पार्टी संघीय मंत्रिपरिषद मे विट्ठलभाई पटेल को अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित करवाने मे सफल रही ।

साइमन कमीशन

- 1927 ई. मे साइमन कमीशन का गठन किया गया जिसमें 7 सदस्य थे । इसका उद्देश्य भारत मे राजनीतिक सुधारो के लिए सिफारिशें देना था क्योंकि 1919 ई. के अधिनियम मे यह प्रावधान था कि प्रत्येक 10 वर्ष पश्चात ब्रिटिश सरकार एक आयोग का गठन करेगी जो कि संवैधानिक सुधारों की सिफारिशे करेगा ।
- चूँकि साइमन कमीशन मे 1 भी भारतीय सदस्य नही था इसलिए भारतीयों ने इसका विरोध किया
- मद्रास को जस्टिस पार्टी पंजाब को यूनिनिस्ट पार्टी भीमराव अम्बेडकर एवं मुस्लिम लीग के शफी-गुट साइमन कमीशन का विरोध नही किया

साइमन कमीशन की सिफारिशें :-

- 1919 ई. के भारत सरकार अधिनियम के तहत लागू की गई द्वैध शासन व्यवस्था को समाप्त कर उत्तरदायी शासन की स्थापना हो ।
- भारत मे संघात्मक व्यवस्था लागू की जाये ।
- केन्द्र मे भारतीयों को कोई भी उत्तरदायित्व न प्रदान किया जायें ।
- ब्रिटिश भारत एवं भारतीय रियायतो को मिलाकर एक ब्रिटिश संघ का गठन किया जाना चाहिए ।
- वर्मा को भारत से अलग किया जाये तथा उडीसा एवं सिंध को अलग प्रान्तों का दर्जा दिया जायें ।
- मताधिकार को और अधिक व्यापक करना चाहिए यद्यपि सार्वभौमिक मताधिकार नही दिया जाना चाहिए
- पृथक निर्वाचन को असंतोष जनक बताया फिर भी इसको जारी रखने की सिफारिशें की गई ।

नेहरू रिपोर्ट 1928

साइमन कमीशन के बहिष्कार के बाद भारत सचिव लॉर्ड बर्किनहेड ने भारतीयों के समक्ष एक चुनौती रखी के वे ऐसे संविधान का निर्माण कर ब्रिटिश संसद के समक्ष रखे जिसे सभी दलो का समर्थन प्राप्त हो । कांग्रेस ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुये 28 फरवरी 1928 ई. को दिल्ली मे सर्वदलीय सम्मेलन बुलाकर मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षाता मे 8 सदस्यीय समिति का गठन किया ।

सिफारिशें:-

1. ब्रिटिश भारत एवं भारतीय रियायतों को मिलाकर एक संघ की स्थापना की जायेगी ।